समाचार

गोठानों के निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया महापौर ने

(निगम क्षेत्र में कुल 08 गोठान संचालित होंगे, 01 गोठान संचालित, 01 निर्माणाधीन तथा 06 स्थानों पर बनेंगे नए गोठान)

कोरबा 07 अगस्त 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम क्षेत्र में निर्मित कराए जाने वाले नए गोठानों के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ चर्चा कर स्थलों का चयन करते हुए गोठान निर्माण के संबंध में आगामी कार्यवाही त्वरित रूप से कराए जाने के निर्देश दिए।

राज्य शासन की महती योजना '' नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी '' योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी 08 जोन में गोठान संचालित किए जाने हैं, जिसमें गोकुलनगर में 01 गोठान वर्तमान में संचालित हैं तथा टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में 01 गोठान निर्माणाधीन हैं, शेष 06 जोन में 01–01 गोठान का निर्माण कराया जाना हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित गोठानों के निर्माण हेतु स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होने इमलीडुग्गू गौमाता चौक, पोड़ीबहार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर के सामने तथा लालघाट स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर के सामने स्थलों का निरीक्षण किया तथा इन स्थानों में गोठान निर्माण हेतु स्थल चयन करते हुए आगामी कार्यवाही त्वरित रूप से कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने बताया कि राज्य शासन की महती योजना '' नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी '' योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में कुल 08 गोठान संचालित कराए जाने हैं, जिसमें गोकुलनगर में एक गोठान संचालित हैं तथा पम्प हाउस में निर्माणाधीन हैं, शेष 06 गोठानों हेतु स्थल चयन कर गोठान निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि हमारी सरकार की गोठानों के निर्माण व संचालन की यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है,गोठानों में मवेशियो के रहने, भोजन, चारे आदि की समुचित व्यवस्था की जाती है तथा सड़कों पर खुले रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को सुरक्षित रूप से लाकर इन गोठानों में रखा जाता है तथा उनकी समुचित देखभाल की जाती है, इससे सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होती है, उन्होने बताया कि निगम के सभी 08 जोन में गोठान संचालित होंगे।

गोधन न्याय योजना पशुपालकों के लिए बनी वरदान– इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महती योजना गोधन न्याय योजना किसानों व पशुपालकों के लिए वरदान बन गई है, पशुपालक गोबर का विक्रय कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूॅ। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल गोठानों के निर्माण एवं गोधन न्याय योजना के सफल कियान्वयन के लिए विशेष रूचि दिखा रहे हैं, जो किसानों व पशुपालकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है, मैं राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति भी विशेष आभारी हूॅ कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र में इन योजनाओं के सफल कियान्वयन के लिए उनका निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

एस.एल.आर.एम.सेंटरों का किया निरीक्षण– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने पोड़ीबहार स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर तथा लालघाट स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया, वहां की व्यवस्थाओं को देखा तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करके सेंटरों में लाए गए कचरे के पृथकीकरण, उनके व्यवस्थापन आदि से जुड़े कार्यो का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया तथा अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिए। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने एस.एल.आर.एम.सेंटरों में कार्यरत कर्मचारियों स्वच्छता दीदियों से भी भेंट की तथा उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो एवं सेंटर की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की।

स्थल निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर के साथ ही पार्षद संतोष लांझेकर, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा व आर.के.भोजासिया, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, सहायक अभियंता एन. के.नाथ, अश्वनी दास, बंटी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।